(a) 45.07% (b) 55.07%
(c) 35.07% (d) 25.07%

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (a) : वर्ष 2017-18 में राजस्थान की सकल राज्य मूल्यवर्धिता में 2011-12 के आधार पर सेवा क्षेत्र का योगदान 42.38% था तथा कृषि का 25.20% था। 2021-22 में सकल राज्य मूल्य वर्धिता में सेवा क्षेत्र का 44.81% औद्योगिक क्षेत्र का 26.34% और प्राथमिक क्षेत्र को 28.85 % योगदन है।

1318. राज्य अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत, बिना दोहरी गणना किये हुए, एक निश्चित अवधि में उत्पादित समस्त वस्तुओं एवं सेवाओं के मौद्रिक मूल्य को कहते हैं–

(a) राष्ट्रीय आय
(b) सकल राष्ट्रीय उत्पाद
(c) सकल राज्य घरेलू उत्पाद
(d) शुद्ध राज्य उत्पाद

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (c) : राज्य अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत सकल राज्य घरेलू उत्पाद एक निश्चित अवधि (बिना दोहराव के) के दौरान राज्य की सीमा के भीतर उत्पादित सभी तैयार वस्तुओं और सेवाओं की मात्रा का मौद्रिक आय है। इसके द्वारा राज्य के आर्थिक विकास को मापा जाता है।

1319. राजस्थान में सेवा क्षेत्र के निम्नलिखित में से किस उपक्षेत्र की वर्तमान कीमतों पर 2020-21 में सकल राज्य मूल्य संवर्धन में सबसे अधिक हिस्सेदारी है?

(a) परिवहन, भंडारण और संचार
(b) व्यापार, होटल और रेस्टोरेंट
(c) आवासों और पेशेवर सेवाओं का अचल सम्पत्ति स्वामित्व
(d) वित्तीय सेवाएँ

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021

Ans. (b) : राजस्थान में सेवा क्षेत्र के उपक्षेत्र की कीमतों पर 2020-21 में सकल राज्य मूल्य संवर्धन में सबसे अधिक हिस्सेदारी व्यापार, होटल और रेस्टोरेंट की है। सकल राज्य मूल्यवर्धन में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदरी 44.81% है।

1320. नए बजट के अनुसार राजस्थान में स्लैब व टाइल्स पर लगने वाली GST की दर क्या है?

(a) 18% (b) 20%
(c) 28% (d) 32%

I.A. 2018

Ans. (a) : राजस्थान में स्लैब और टाइल्स पर जीएसटी की दर 18% है। जीएसटी को 101वें संविधान संशोधन अधि. द्वारा वर्ष 2016 में जोड़ा गया। जीएसटी परिषद को भी 12 सितम्बर, 2016 से अधिसूचित किया गया। GST 1 जुलाई, 2017 से प्रभावी है। जीएसटी की वर्तमान में चार दरें हैं– 5%, 12%, 18% एवं 28%।

1321. 2019 के अनुसार भारत में ऊन उत्पादन में राजस्थान का कौन सा स्थान है?

(a) I^{st} (b) 2^{nd}
(c) 3^{rd} (d) 4^{th}

Pashudhan Sahayak Date. 04.06.2022

Ans. (a) : 2019 के आंकड़ों के अनुसार भारतीय राज्यों में ऊन उत्पादन में राजस्थान का प्रथम स्थान है। 2019-20के आँकड़ों के अनुसार, देश के 34.59 प्रतिशत (12717 हजार किग्रा.) ऊन का उत्पादन किया गया था।

1322. कौन सा कथन असत्य है?

(a) राजस्थान के बजट 2022–23 में इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना की घोषणा की गई है।
(b) इसमें प्रतिवर्ष शहरों में रहने वाले परिवारों को 100 दिन का रोजगार प्रदान किया जाएगा।
(c) इसमें 800 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।
(d) विशेष प्रकृति के कार्यों हेतु सामग्री लागत तथा पारिश्रमिक भुगतान का अनुपात 25 : 75 होगा।

Varisht Computer Anudeshak -19.06.2022

Ans. (d) : राजस्थान के बजट 2022-23 में इंदिरा गाँधी शहरी रोजगार गारंटी योजना की घोषणा की गई। इस योजना के माध्यम से आगामी वर्ष से शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले परिवारों को प्रतिवर्ष 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध होगा। इस पर लगभग 800 करोड़ रूपये वार्षिक खर्च होगा। इस योजना के अन्तर्गत आने वाली सामग्री की लागत तथा सामान्य प्रकृति के श्रम कार्य का भुगतान 25 : 75 के अनुपात में होगा। विशेष प्रकृति के कार्यों का भुगतान 75 : 25 के अनुपात में होगा।

1323. राजस्थान वित्त कॉर्पोरेशन (RFC) की स्थापना किस वर्ष की गई थी?

(a) 1951 (b) 1956
(c) 1947 (d) 1955

कर सहायक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (d) राजस्थान वित्तीय निगम की स्थापना राज्य वित्त निगम अधिनियम (SFCs Act)-1951 के तहत राजस्थान सरकार द्वारा दिनांक 17 जनवरी 1955 को जारी अधिसूचना के अन्तर्गत राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए की गई थी। निगम केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों की औद्योगिक नीतियों और प्राथमिकताओं को व्यवहार में लाने के साथ-साथ राज्य में उद्योगों के नियोजित और संतुलित विकास के लिए कार्य करता है। अपने उद्देश्य की पूर्ति के लिए यह छोटे, लघु और मध्यम स्तर के उद्योगों के लिए विभिन्न ऋण योजनाओं का संचालन करता है।

1324. 2016-17 में भारत के स्थिर (2011-12) कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद में राजस्थान के स्थिर (2011-12) कीमतों पर सकल राज्य घरेलू उत्पाद का अनुपात क्या था?

(a) 2.93 (b) 10.93
(c) 7.93 (d) 4.93

सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 2018

Ans. (d) : 2016-17 में भारत के स्थिर (2011-12) कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद में राजस्थान के स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद का अनुपात लगभग 4.93 प्रतिशत था। 2021-22 में स्थिर मूल्यों (2011-12) पर राजस्थान की GSDP वृद्धिदर 11.04% रही है।